## एक नजर में

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे शाजापुर विधायक



**मोहन बड़ोदिया, 2 अगस्त .** बीआरसीसी ऑफिस में कार्यरत दुर्गा प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने विधायक अरुण भीमावद पहुंचे . बता दे दुर्गा प्रसाद वर्मा बीआरसीसी ऑफिस की धर्मपत्नी श्रीमती पिंकी वर्मा का 29 जुलाई को रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया था . शाजापुर विधायक अरुण भीमावद और भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ . रवि पांडे शनिवार को दुर्गा प्रसाद वर्मा के घर पहुंचे और मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जब अपने प्रिय कोई इस दुनिया को छोड़कर चले जाते हैं तो उनकी कमी जिंदगी भर रहती है . यह एक दु :ख की घड़ी होती है जिसमें परिवार और खुद पर धीरज रखने की आवश्यकता होती है . इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ . रवि पांडे सहित मोहन बड़ोदिया के भाजपाई मौजूद रहे .

### कृषि उपज मंडी में देखा पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण




**मोहन बड़ोदिया, 2 अगस्त .** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का सीधा प्रसारण वाराणसी से पूरे देश में शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया . इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था कृषि उपज मंडी मोहन बड़ोदिया के सभागृह में कार्यक्रम आयोजित कर सभी ने प्रधानमंत्री के किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का सीधा प्रसारण वाराणसी के कार्यक्रम को देखा . इस दौरान मोहन बड़ोदिया कृषि उपज मंडी के अशोक पाटीदार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि परिचय करवाया, मंडी सचिव सतीश कुमार सनोठिया ने मौजूद जनप्रतिनिधि और किसान संघ के पदाधिकारी सहित किसानों का सम्मान किया . वहीं अंत में आभार मंडी के प्रभारी लेखापाल रविन्द्र परमार ने माना . इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, जनपद सदस्य गोपाल राठौर, भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष शंकर कुम्भकार सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और किसान मौजूद रहे .

### जनपद में दिखाया सम्मान निधि राशि वितरण का प्रसारण



**सुसनेर, 2 अगस्त .** शनिवार को वाराणासी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में 20 वीं किश्त वर्चुअली डाली गई . इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण स्थानीय प्रशासन के द्वारा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में भी दिखाया गया . जिसमें भाजपा जिला महामंत्री डॉ .गजेन्द्र सिंह चन्द्रावत, जिला मंत्री गिरजाशंकर राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ . सौरभ जैन, भाजपा महामंत्री पवन शर्मा, पार्षद प्रदीप सोनी, जिला मंत्री लखन सेन, विजय पाटीदार, जिला सोशल प्रभारी रवि टेलर, युवा मोर्चा विधानसभा प्रभारी अंशुल जैन, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अक्षत जैन, बूथ अध्यक्ष नारायण सिंह सिसोदिया, बनेसिंह यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी, पटवारी मोहित नागर, इंजीनियर राजेश नागदीया, लोकेन्द्र जैन, पूर्व सरपंच संतोष पाटीदार सहित गणमान्य नागरिक व राजस्व विभाग व जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे .

### प्लास्टिक उपयोग के दुष्प्रभाव बताए



**शुजालपुर, 2 अगस्त .** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में मध्यप्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना निशुल्क साइकिल वितरण के अंतर्गत पात्र सभी छात्राओं को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक के मुख्य आतिथ्य एवं नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनी प्रसाद परमार के विशेष आतिथ्य में साइकिल का वितरण किया गया . इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया . अपने उद्बोधन में अतिथि द्वारा प्लास्टिक के उपयोग के दुष्प्रभाव के बारे मे जानकारी दी गई एवं अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया . कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डीएस मालवीय ने की, कार्यक्रम मे समस्त स्टॉफ सहित छात्राओं के अभिभावकगण उपस्थित रहे .



### मुनिश्री ने सम सामयिक विषयों पर चर्चा की

**शुजालपुर, 2 अगस्त .** मुनिश्री 108 निर्णय सागर महाराज का चातुर्मास शुजालपुर में हो रहा है, उनके सानिध्य में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक सहित आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं . मुनिश्री के दर्शनार्थ भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी एवं महामंत्री योगेश शिवहरे के नेतृत्व में नगर के गणमान्य नागरिक संत निवास पधारे एवं पूज्य मुनि श्री से विभिन्न सम सामयिक विषयों पर चर्चा की . सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत चातुर्मास समिति के मुख्य

# मुख्य मार्गों से लेकर गली मोहल्लों में सांडों का आतंक

## शुजालपुर की सड़कों पर मवेशी राज, आवागमन के साथ सूरक्षा में भी बाधक

**शुजालपुर, 2 अगस्त. प्रदेश सरकार ने गत चार वर्ष पूर्व पृथक से बजट देकर कई गांवों में गौशालाएं निर्मित कराई. साथ ही शासकीय अनुदान पर कई समितियां गौशालाओं का संचालन कर रही है, सरकार की मंशा है कि इन गौशालाओं में आवारा मवेशी रखे जाए, जिससे कि सड़कों पर आवारा मवेशियों का विचरण न हो और किसानों को आवारा मवेशियों से फसलों का नुकसान न हो. लेकिन सरकार की यह मंशा पुरी नहीं हो रही है, सड़कों पर अभी भी मवेशी राज बरकरार है. शहर स्थित हाईवे सहित आंतरिक मार्गों पर मवेशियों का जमावड़ा देखा जा सकता है. इन मवेशियों के कारण हादसे भी होते है. जिसमें मवेशियों के साथ ही मानव जीवन पर भी खतरा रहता है.**

शहर में पिछले कुछ दिनों से सांडों का आतंक भी देखा जा रहा है, कई बार सार्वजनिक स्थानों पर सांडों की लड़ाई आमजन के लिए मुसिबत भरी हो रही है. पिछले दिनों जहां चित्रांश नगर में सांड लडते हुए मकान के परिसर में घुस गए और मौजूद महिलाओं को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा, शनिवार को भी लोहिया मार्ग पर सांडों की लड़ाई से दुकानदार का आर्थिक नुकसान हुआ, यहां पर स्थित श्रीहरि ज्वेलर्स दुकान के सामने लगी रेलिंग व सीडिया सांडों ने क्षतिग्रस्त कर दी. प्रशासन और नगर पालिका शहर में कोई बडा आयोजन होने पर या वीआईपी के आने पर इन मवेशियों को खदेड कर चार दीवारी वाले परिसर में रोक देती है, जब आयोजन सम्पन्न होता है तो इन्हे फिर से खुला छोड दिया जाता है.



इस तरह शहर की सड़कों पर बैठे रहते है मवेशी

### शहर की सड़कों पर मवेशी राज...

शहर के कुछ चौराहे तो ऐसे है जहां पर दिनभर मवेशी बीच में बैठे रहते है . विशेष रूप से वर्षाकाल लगते ही इन आवारा मवेशियों की तादात सड़कों पर बढ़ जाती है क्योकि मैदानों व कच्ची जगह गीली हो जाने के कारण उक्त आवारा मवेशी डामरीकृत अथवा सीसीरोड पर बैठते है . उल्लेखनीय है कि पूर्व में सड़क पर बैठे एक मवेशी से मोटर साईकल टकरा जाने के कारण पुलिस आरक्षक की दुर्घटना में मौत भी हो चुकी है . इसी प्रकार कई वाहन चालक मवेशियों को बचाने के चक्कर में गिरकर घायल भी हो गए है .

### यातायात होता है अवरूद्ध...

वैसे ही नगर में यातायात व्यवस्था बदहाल है आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है . उस पर मुख्य मार्गों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा नागरिकों के लिए सिर दर्द बनता जा रहा है . मुख्य रूप से नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सिटी मंडी रोड़ तथा महात्मा गांधी मार्ग पर खासी परेशानी उठाना पड़ती है इन मवेशियों के कारण बताया जाता है कि इन आवारा मवेशियों में से कई दुधारू जानवर भी है . इनके मालिक दूध दोहने के समय इन्हे बाजार से ढूंढ कर घर ले जाते है, काम होते ही छोड़ दिया जाता है वापस बाजारों में . दुकानों पर मुंह मारना और सड़क पर धामाचौकड़ी करने के कारण कई बार नागरिक भी इनका शिकार हो जाते हैं .

### गौशाला वाले रखने को तैयार नहीं...

नगर पालिका द्वारा पूर्व में इन आवारा मवेशियों को आबादी क्षेत्र से हटाने के उद्देश्य से प्रयास किए थे . लेकिन प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने के कारण सफलता नहीं मिल सकी . नगर पालिका ने सड़कों पर घुमने वाले मवेशियों को शासन की मदद से संचालित हो रही गौशालाओं में छोडने की योजना बनाई थी लेकिन गोशाला संचालकों की अरूची के चलते मवेशी सड़कों से नहीं हट पाए .

## नौनिहालों को साइकिल मिलने पर खुशी से खिल उठे चेहरे



**शाजापुर, 2 अगस्त. सांदीपनि शाउमावि दुपाडा में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कक्षा नौवीं के नव प्रवेशित पात्र विद्यार्थियों को साइकिल प्रदाय की गई.**

साइकिल वितरण कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया. जिसके मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अनोपसिंह राजपूत, विशेष अतिथि विशाल सोनी, उप सरपंच ग्राम पंचायत दुपाडा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमेरसिंह राठौर, मंडल महामंत्री राजेश पाटीदार, जनपद सदस्य ओमप्रकाश नायक, पूर्व सरपंच ईश्वरसिंह राजपूत, रामपाल सिंह चंद्रपाल सरपंच ग्राम पंचायत पचोर, मंडल महामंत्री रूपचंद टेलर एवं छात्र छात्राओं के अभिभावक इस अवसर पर उपस्थित थे. साइकिल वितरण कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षक आशीष जोशी ने छात्र जीवन में साइकिल का महत्व एवं इस महत्वपूर्ण योजना के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी. सुमेर सिंह राठौड़ ने भी इसे शासन की महत्वपूर्ण योजना बता कर साइकिल से रोजाना विद्यालय आने की छात्र छात्राओं से अपील की. अतिथि राजेश पाटीदार ने संबोधित करते हुए अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की बात कही. विद्यालय प्राचार्य राअना सिद्दिकी द्वारा भी छात्र छात्राओं से यातायात के नियमों का पालन करते हुए साइकिल से नियमित विद्यालय आना है, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की समझाइश दी गई एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया. साइकिल प्रभारी वरिष्ठ शिक्षक कबीर खान द्वारा बताया कि 42बालक एवं 45 बालिकाओं को निशुल्क सायकल प्रदाय की गई. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक जगदीश चन्द्रपाल ने किया. कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रांगण में आवला एवं कदम का पौधरोपण भी किया. इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक जनप्रतिनिधि एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

## अचानक जेल में निरीक्षण करने पहुंचे प्रधान जिला न्यायाधीश

### जिला जेल का औचक निरीक्षण कर बंदियों से जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को लेकर की चर्चा, दिशा निर्देश दिए



**शाजापुर, 2 अगस्त. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा के कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारा प्रसारित निर्देश के अनुपालन जिले में स्थापित समस्त जेलों का त्रैमासिक निरीक्षण किए जाने के फलस्वरुप मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर सालसा के निर्देशानुसार शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी द्वारा जिला जेल शाजापुर का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से श्रीमती शिखा शर्मा के जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे.**

जेल निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी ने प्रत्येक बैरक में जाकर पुरूष एवं महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया तथा जेलबंदियों से जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं जैसे भोजन, पेयजल, वस्त्र, मनोरंजन के साधन एवं साफ सफाई के बारे में चर्चा की. इसके अतिरिक्त जेलबंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी. जेल परिसर में स्थित खाद्यान्न कक्ष का भी निरीक्षण किया. जिसमें रखी हुई खाद्यान्न जैसे दाल, आटा, मसाले व अन्य खाद्य पदार्थों का अवलोकन किया.

**सुविधाओं की ली जानकारी, दिए निर्देश**

प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी द्वारा जेल प्रशासन को जेल में स्थापित शौचालय, स्नानागार, जेल परिसर एवं बैरक की नियमित रूप से साफ सफाई करने एवं जेल में निरूद्ध जेल बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने तथा शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. जेल में उपस्थित महिला बंदियों से भी चर्चा कर उनके लंबित प्रकरणों की स्थिति जानी एवं महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली.

### जिला जेल में वर्तमान में कुल 125 बंदी...

जेल निरीक्षण के दौरान जेल में 117 पुरूष एवं 08 महिला बंदी निरूद्ध होना पाए गए तथा कोई भी गर्भवती महिला नहीं पाई गई . निरीक्षण के दौरान बंदियों ने अपनी समस्याएं प्रधान जिला न्यायाधीश को बताई जिसका उचित निराकरण करने के लिए संबंधित जेल प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया गया . निरीक्षण के इस अवसर पर जेल अधीक्षक दुष्यंत कुमार पगारे एवं उप जेल अधीक्षक सुनील मंडलेकर सहित जेल प्रहरी गण मौजूद थे .

## गंधर्व समाज का पारम्पारिक उत्सव शुरू

**सुसनेर, 2 अगस्त. गंधर्व राव समाज ने शनिवार की सुबह 11 बजे डाक बंगला रोड पर सिंचाई विभाग स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से अपना पारम्परिक उत्सव मनाते हुए शोभायात्रा निकाली. जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मेला ग्राउंड स्थित नाथ जी कुटिया पर पहुंची.**

यहां पर 24 घंटे की सप्ताहजी की शुरूआत की गई. जिसमें समाजन 24 घंटे की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर सरस्वती जी की वंदना संगीतयम रूप कर रहे हैं. इस पारंपारिक उत्सव में भाग लेने के सुसनेर समेत ग्रामीण अंचल के समाजजन नाथ जी की कुटिया पर एकत्रित हुए हैं. समाज के संगीत कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रो की धून पर एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी जा रही है. शोभायात्रा श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर डाक बंगला रोड, सांई तिराहा, पांच पुलिया, पुराना बस स्टैंड, हाथी दरवाजा, शुक्रवारिया बाजार से होते हुए मेला ग्राउंड स्थित नाथ जी कुटिया पर पहुंची. जहां पर इस पारंपारिक उत्सव की शुरूआत की गई. शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड, उसके पीछे पुरूष वर्ग और फिर मां सरस्वती जी की झांकी तथा उसके पीछे महिलाएं सिर पर कलश लिए शामिल रही. इस यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया गया.



## शुजालपुर में उठी जोधपुर एक्सप्रेस स्टॉपेज की मांग

**शुजालपुर, 2 अगस्त. भोपाल उज्जैन के मध्य शुजालपुर रेलवे स्टेशन राजस्व देने में अव्वल है, इसके बाद भी इस रेलवे स्टेशन की लगातार अनदेखी हो रही है. क्षेत्रीय सांसद को भी लगता है कि शुजालपुर क्षेत्र से कोई लेनादेना नहीं है, यही करण है कि उन्होंने इस क्षेत्र से दुरिया बना रखी है.**

कहने को तो शुजालपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत मिशन में शामिल कर रखा है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यह स्टेशन काफी पीछे है. इस रेलवे स्टेशन पर न रूकते हुए कई यात्री ट्रेने गुजर जाती है. इन ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर लम्बे समय से मांग उठ रही है. शुजालपुर से बिना स्टॉपेज के गुजरने वाली ट्रेन क्रमांक 17605/06 काचीगुड़ा भगत की कोठी जोधपुर एक्सप्रेस का स्थानीय स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की मांग करते हुए सिख समाज ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा. समाजजनों का कहना है कि जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन नांदेड़ स्थित श्री हुजूर साहिब सचखंड साहिब तीर्थ यात्रा को क्षेत्र से सीधे जोडती है, यदि इस ट्रेन का स्टॉपेज शुजालपुर मिलता है तो सिख समाजजन सहित अन्य लोगों को भी उसका लाभ मिलेगा, ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे.

## एक नजर में

### 11 को भ्रमण पर निकलेंगे नीलकंठेश्वर महादेव, शिव भक्त मंडल ने शुरू की शाही सवारी की तैयारियां

# पंजाब और गुजरात के कलाकार बढाएंगे शाही सवारी की शोभा

**सुसनेर, 2 अगस्त. नगर की वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुएं शिवभक्त मंडल के तत्वावधान में इस वर्ष 11 अगस्त यानी के भादौ के प्रथम सोमवार पर शाही सवारी निकाली जाएगी यह सवारी इस बार बहुत ही आकर्षक और भव्य होने वाली है. भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की शाही सवारी में इस बार पंजाब और गुजरात के कलाकार लोक नृत्य व आदिवासी नृत्य और भांगडा नृत्य के जरीए शाही सवारी की शोभा बढाएंगे तो वहीं नगरवासी पालकी के आगे सवारी मार्ग की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश देंगे.**

आर्यवीर दल व दुर्गावाहिनी का अखाडा हैरतंगेज करतब दिखाएगा और नगरवासी पलक पावडे बिछाकर के शाही सवारी का स्वागत करेंगे. इससे पूर्व शिवभक्तो के द्वारा सवारी मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा. 11 अगस्त को गुलाब के फूलो से सुसज्जित पालकी में भगवान नीलकंठेश्वर महादेव नगर का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे. जगह-जगह शाही सवारी का स्वागत कर श्रृद्धालुओं द्वारा नीलकंठेश्वर महादेव का पूजन किया जाएगा. इस वर्ष शाही सवारी में बाहर से पधारे कलाकर भी शामिल होंगे. जो अपनी कलाओ का प्रदर्शन करेंगे. शाही सवारी का नगर में विभिन्न स्थानो पर स्वागत द्वार बनाकर पुष्पवर्षा व स्वल्पाहर से स्वागत भी किया जाएगा.



### इस तरह रहेगा पूरा आयोजन...

11 अगस्त की सुबह मेला ग्राउंड स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में महारूद्राभिषेक किया जाएगा . उसके पश्चात श्रृंगार आरती होगी . दोपहर 12 बजे महादेव के मुखौटे की पुजा अर्चना की जाकर पालकी में विराजमान कर राजसी ठाठ, बाट के साथ शाही सवारी प्रारंभ होगी . जो भूतो की टोलियां, आकर्षक झांकियों के साथ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शाम 7 बजे नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी . जहां महाआरती की जाएगी उसके बाद कल्याण जीनिंग फेक्ट्री में महाप्रसादी वितरित की जाएगी . 10 हजार से भी अधिक श्रृद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जन करेंगे .

### ये भी रहेंगे आकर्षण का केंद्र...

11 अगस्त को शिवभक्त मंडल के तत्वाधान में निकाली जाने वाली शाही सवारी में दर्जनभर आकर्षक झांकीयो के साथ फूलों की तोप, कढाबीन, पालकी के आगे उज्जैन का शाही ठाठ, आर्यवीर दल का आखाडा, ग्रामीण क्षेत्रों की भजन मंडलिया, बाम्बे ढोल व भूतों की बारात, पंजाब के अमृतसर का भांगडा नृत्य, अघोरी नृत्य, आदिवासी नृत्य, झांकिया, आर्यवीर दल का अखाडा व दुर्गावाहिनी का अखाडा और कडाबीन, डीजे व बैंड आकर्षण का केन्द्र रहेगा .

## तकनीकी कोर्सेस का सीएलसी चरण प्रारंभ

**शाजापुर, 2 अगस्त.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में बीबीए एवं बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु महाविद्यालय स्तर की काउंसलिंग 02 अगस्त से प्रारंभ हो गई है. डीटीई नोडल अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने बताया कि जिन अभ्यार्थियों ने अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है उनके लिए आवेदन का एक और मौका है. यह रजिस्टट्रेशन 02 अगस्त से 05 अगस्त 2025 तक ऑनलाईन होंगे. 06 अगस्त को अभ्यर्थियों को महाविद्यालय में पहुंचकर दस्तावेज सत्यापन करवाना होगा. उसी दिन महाविद्यालय स्तर पर प्रवेश हेतु मेरिट बनेगी और प्रवेश शुल्क जमा होगी. 06 अगस्त की स्थिति में महाविद्यालय के इन कोर्स में अगर रिक्त सीट होगी तो उसी राउण्ड में रजिस्ट्रेशन के दो और मौके रहेंगे. पहला 07 से 10 अगस्त दूसरा 12 से 14 अगस्त, इनके लिए क्रमश: 11 अगस्त व 14 अगस्त को रिपोटिंग व दस्तावेज सत्यापन उपरांत महाविद्यालय स्तर की मेरिट सूची जारी होगी. अभ्यर्थियों को उसी दिन प्रवेश शुल्क जमा करना होगी.